आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 26 लखनऊ, गुरूवार 14 अक्तूबर से 20 अक्तूबर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## प्रधानमंत्री मोदी ने बुनियादी ढांचे से जुड़े गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मल्टी–मोडल कनेक्टिविटी के लिए १०० लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य लजिस्टिक्स की लागत कम करना और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना है। मोदी ने योजना के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि पीएम गतिशक्ति योजना का लक्ष्य लजिस्टिक्स की लागत में कमी, कार्गो हैंडलिंग क्षमता बढ़ाना और कार्यान्वयन को तेज करना है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों को एक मंच पर जोड़कर परियोजनाओं को अधिक शक्ति और गति देना है, और विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों की बुनियादी ढांचा योजनाओं का एक समान दृष्टि से निर्माण किया जाएगा तथा उनका कार्यान्वयन किया जाएगा। मोदी ने आरोप लगाया कि पूर्व में विकास कार्यों में सुस्ती के साथ करदाताओं के पैसे का सही इस्तेमाल नहीं किया जाता था और विभाग अलग–अलग काम करते थे, परियोजनाओं को लेकर उनमें कोई समन्वय नहीं था। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के बिना विकास संभव नहीं है और सरकार ने अब इसे समग्र रूप से विकसित करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति मास्टर प्लान सड़क से लेकर रेलवे, उड्डयन से लेकर कृषि तक परियोजनाओं के समन्वित विकास के लिए विभिन्न विभागों को आपस में जोड़ता है। उन्होंने कहा कि देश में लजिस्टिक्स, की ऊंची लागत जो जीडीपी का १३ प्रतिशत हिस्सा है, निर्यात में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही है और पीएम गति शक्ति का उद्देश्य लजिस्टिक्स की लागत कम करना और कार्यान्वयन को तेज करना



है। उन्होंने कहा कि यह भारत को एक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के तहत भारत जिस गति और पैमाने को देख रहा है, वह आजादी के पिछले ७० वर्षों में कभी नहीं देखा गया था। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहली अंतर–राज्यीय प्राकृतिक गैस पाइपलाइन १९८७ में चालू की गयी थी। तब से २०१४ तक, १५,००० किलोमीटर प्रोतिक गैस पाइपलाइन का निर्माण किया गया था। इस समय १६,००० किलोमीटर से अधिक नयी गैस पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, २७ साल में जो किया गया, हम वह काम उससे आधे से भी कम समय में कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि २०१४ में भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले के पांच साल में १,६०० किलोमीटर रेल लाइन का दोहरीकरण किया गया था, जबकि पिछले सात वर्षों में ६,००० किलोमीटर रेल लाइन का दोहरीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि २०१५ में २५० किलोमीटर मेट्रो से अब मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार ७०० किलोमीटर तक हो गया है तथा और १,००० किलोमीटर पर काम चल रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में डेढ़ लाख ग्राम पंचायतों को अप्टिक फाइबर नेटवर्क से जोड़ा गया है जबकि २०१४ से पहले के पांच वर्षों में केवल ६० ग्राम पंचायतों में यह सुविधा थी। उन्होंने कहा कि बंदरगाहों पर पोत संबंधी कार्यान्वयन के समय को ४१ घंटे से घटाकर २७ घंटे कर दिया गया है तथा इसे और कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि २०१४ से पहले पांच वर्षों में तीन लाख सर्किट किमी बिजली ट्रांसमिशन लाइन डाली गयी थीं जिसके मुकाबले पिछले सात वर्षों में ४.२५ लाख सर्किट किमी लाइन बिछायी गयी है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में भी काफी विस्तार हुआ है।

## यूनिफार्म, स्वेटर, जूता–मोजा और स्कूल बैग खरीदने के लिए अभिभावकों के बैंक खातों में धनराशि भेजेगी योगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय और अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सभी बच्चों को यूनिफार्म, स्वेटर, जूता–मोजा और स्कूल बैग देने की बजाय योगी सरकार इन वस्तुओं को खरीदने के लिए बच्चों के अभिभावकों के



बैंक खातों में धनराशि भेजेगी। हर बच्चे के लिए अभिभावक के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के तहत ११०० रुपये भेजे जाएंगे। सभी बच्चों के अभिभावकों को यह धनराशि उपलब्ध कराने पर कुल १८११ करोड़ रुपये खर्च आएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी दिलाने की तैयारी है। प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूर होने के बाद जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री के हाथों यह धनराशि अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी।बच्चों को दो जोड़ी यूनिफार्म मुहैया कराने के लिए प्रति जोड़ी ३०० रुपये की दर से ६०० रुपये, एक स्वेटर के लिए २०० रुपये, एक जोड़ी जूता व दो जोड़ी मोजे के लिए १२५ रुपये और एक स्कूल बैग के लिए १७५ रुपये की कीमत निर्धारित की गई है। इस तरह कुल ११०० रुपये की रकम हर बच्चे के अभिभावक के बैंक खाते में भेजी जाएगी। अभी तक बच्चों को प्रत्येक सत्र में यह चीजें विभाग की ओर से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती थीं। इसमें भ्रष्टाचार के अलावा इन सामानों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिलती थीं। अब धनराशि सीधे बैंक खातों में भेजे जाने पर भ्रष्टाचार पर अंकुश तो लगेगा ही, अभिभावक अपनी संतुष्टि के अनुसार यह चीजें खरीद सकेंगे।शैक्षिक सत्र २०२१–२२ में परिषदीय विद्यालयों में नामांकित १.५७ करोड़ बच्चों का ब्योरा प्रेरणा पोर्टल पर मौजूद है। वर्तमान में कक्षा एक और छह में बच्चों का नामांकन कराया जा रहा है। इससे परिषदीय स्कूलों के बच्चों की संख्या २० से २५ लाख बढ़ने का अनुमान है। प्रेरणा पोर्टल पर लगभग ८४ लाख अभिभावकों की बैंक खाता संख्या भी उपलब्ध है जिसके सापेक्ष १.३१ करोड़ बच्चे कवर हो चुके हैं।बेसिक शिक्षा विभाग को अब तक १.०६ करोड़ से अधिक बच्चों के अभिभावकों के आधार नंबर भी हासिल हो चुके हैं। बाकी बच्चों के अभिभावकों के आधार नंबर प्राप्त किये जा रहे हैं। स्कूल स्तर पर इकट्ठा किये गए आधार नंबर को प्रेरणा डीबीटी मोबाइल एप के माध्यम से शिक्षकों से प्रमाणित कराया जाएगा। प्रमाणित आधार नंबर से संबंधित डाटा को पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) पोर्टल पर अपलोड कर सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के बाद बैंक खातों से सीडिंग वाले आधार नंबरों का डाटा प्राप्त कर उसके सापेक्ष धनराशि खातों में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की बिगड़ी तबीयत, AIIMS में कराया गया भर्ती

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें हल्का बुखार है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उन्हें शाम ६ : १५ पर एम्स में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर उनका उपचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक के मनमोहन सिंह के इलाज के लिए एक मेडिकल बोर्ड भी बनाया जा रहा है जिसको इनसे निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया हेड करेंगे। इससे पहले डॉ मनमोहन सिंह १६ अप्रैल को कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। तब भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था।



हालांकि प्रधानमंत्री ने ४ मार्च और ३ अप्रैल को कोरोना वैक्सीन की खुराक ले ली थी। डॉ मनमोहन सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री रहे हैं और फिलहाल राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य हैं। २००६ में उनकी बाईपास सर्जरी भी हो चुकी है।

## उत्तर प्रदेश में कोरोना के कुल १३९ एक्टिव मामले

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल १,८१,१११ सैम्पल की जांच की गयी है। जिसमें कोरोना संक्रमण के ११ नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल ८,०७,८७,०५७ सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले २४ घंटे में १५ तथा अब तक कुल १६,८६,६६० लोग कोविड–१९ से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल १३९ एक्टिव मामले है। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। कल एक दिन में ५,५७,२९५ कोविड वैक्सीन की डोज दी गयी है। प्रदेश में कल तक पहली डोज ६,१९,७५,७६२ तथा दूसरी डोज २,५१,८५,०५० लगायी गयी हैं। कल तक कुल ११,७१,६०,८१२ कोविड डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोविड हेल्पलाइन १८००१८०५१४५ पर सम्पर्क करे।

# सम्पादकीय

## अब भारत में भी ऊर्जा संकट

दुनिया के अनेक हिस्सों में जारी ऊर्जा संकट अब भारत पहुंचने वाला है। खुद केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा था कि कोयले की उपलब्धता का संकट देश के सामने है। हालांकि बाद में ना जाने क्या हुआ कि सरकार ने रविवार को यह कह दिया कि सब ठीक है। अनुमान यही लगाया जा सकता है कि हेडलाइन मैनेजमेंट एक बार फिर कठिन परिस्थिति पर भारी पड़ा। भारत में आज भी लगभग ५५ फीसदी बिजली कोयले से बनती है। इसके अलावा प्रोंतिक गैस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ने के असर भी भारत अछूता नहीं है। हकीकत यह है कि दुनिया भर में ऊर्जा संकट हर रोज ज्यादा गंभीर होता जा रहा है। कोरोना महामारी के बाद बिजली और पेट्रोलियम की तेजी से बढ़ रही मांग और मौसम संबंधी भविष्यवाणियों के कारण दुनिया के लगभग हर इलाके में ये संकट आया है। कोयले और पेट्रोलियम पर निर्भरता घटाते हुए ग्रीन एनर्जी की तरफ बढ़ने की अपनाई गई नीतियों ने भी मुश्किलों में इजाफा कर दिया है। ऊर्जा संकट की शुरुआत चीन से हुई। नहां बिजली की कमी के कारण बड़े पैमाने पर लोडशेडिंग करनी पड़ी। उसके बाद ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के देशों में ये संकट दिखा। वहां ऊर्जा की महंगाई को अप्रत्याशित संकट के रूप में देखा गया है। पूर्वी एशिया में प्रोंतिक गैस की कीमत इसी अवधि में काफी बढ़ी है। अमेरिका में अभी कीमतें काबू में हैं। फिर भी वहां इस समय गैस की जो कीमत है, वह १३ साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है। कीमतों में बढ़ोतरी इस फैले डर की वजह से भी हुई है कि यूरोप में सर्दियों में क्या होगा। पश्चिम में सर्दियों में घरों को गर्म रखने के लिए गैस का इस्तेमाल होता है। प्रोंतिक गैस की महंगाई के कारण कोयला और कच्चे तेल के दाम में भी उछाल आया है। प्रोंतिक गैस के विकल्प के रूप में इन दोनों ईंधनों का इस्तेमाल होता है। आशंका है कि यूरोप में सर्दियों में सप्लाई की कमी हुई, तो सरकार को कारखानों को गैस उपभोग घटाने के लिए कहना पड़ेगा। उससे उत्पादन घटेगा। जाहिर है, महामारी के बाद यूरोप की अर्थव्यवस्था में हो रहे सुधार के लिए यह एक बहुत खतरा है। चिंता की बात यह है कि संकट का निकट भविष्य में कोई समाधान नहीं दिखता। इसका असर धनी देशों में भी उपभोक्ताओं के आम बजट पर पड़ा है। भारत में तो पहले से ही पेट्रोलियम महंगा है। यहां ये संकट क्या रूप लेगा, अभी इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

## लखीमपुर में किसानों के कई संकल्प

लखीमपुर। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में मंगलवार को किसानों का बड़ा जमावड़ा हुआ, जहां किसानों ने कई बड़ी घोषणाएं कीं। तीन अक्टूबर को तिकुनिया गांव में एक भाजपा नेता की गाड़ी से कुचल कर मरे किसानों को श्रद्धांजलि देने के लिए मंगलवार को देश के कई राज्यों के किसान तिकुनिया में जुटे थे। उन्होंने मारे गए किसानों को श्रद्धांजलि दी और करीब ५० हजार किसानों की मौजूदगी में अंतिम अरदास हुई। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से करीब ५० हजार किसान पहुंचे थे। अंतिम अरदास में किसानों नेताओं ने कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने बताया कि २४ अक्टूबर को देश की सभी प्रमुख नदियों में मृत किसानों की अस्थि का विसर्जन होगा। इसी दिन १० से चार बजे तक चक्का जाम होगा। किसानों ने यह भी फैसला किया कि उत्तर प्रदेश के हर जिले और देश के हर राज्य में अस्थि कलश यात्रा जाएगी। तिकुनिया में घटनास्थल पर पांच किसानों की याद में शहीदी स्मारक बनाने का फैसला भी किया गया। गौरतलब है कि तीन अक्टूबर की घटना में किसानों सहित कुल आठ लोगों की मौत हुई थी। मारे गए किसानों के अंतिम अरदास में हिस्सा लेने पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने केंद्रीय मंत्री के आरोपी बेटे आशीष मिश्र की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया और कहा कि अभी तक रेड कारपेट गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों को गुलदस्ता देकर बुलाया गया। मंत्री के रहमो करम वाली पुलिस कैसे पूछताछ करेगी? उन्होंने कहा कि जब तक बापू बेटा जेल में बंद नहीं होंगे, जब तक मंत्री का इस्तीफा नहीं होगा, तब तक शांति पूर्व आंदोलन जारी रहेगा। राकेश टिकैत सोमवार को ही किसानों की श्रद्धांजलि सभा के लिए पहुंच गए थे। किसान नेता और स्वराज इंडिया के योगेंद्र यादव ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां किसानों ने यह भी तय किया कि १५ अक्टूबर को विजयादशमी के दिन पूरे देश में प्रधानमंत्री का पुतला फूंका जाएगा। इसके तीन दिन बाद १८ अक्टूबर में ट्रेनें रोकी जाएंगी। किसान २६ अक्टूबर को लखनऊ में महापंचायत करेंगे।

# चाचा भतीजे की रथयात्रा सुर्खियों में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए निकाली गयी चाचा भतीजे की रथयात्रा आज सुर्खियों में है। चाचा शिवपाल सिंह यादव ने अपनी रथयात्रा का आगाज हिन्दू आस्था के केन्द्र कृष्ण नगरी मथुरा से किया जबकि भतीजे अखिलेश यादव की रथयात्रा उद्योग नगरी कानपुर से रथयात्रा पर निकले। लेकिन अलग अलग थीम पर निकली इन रथयात्राओं ने मुस्लिम मतदाताओं



के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। अखिलेश जहां "एकला चलो" की नीति पर हैं वहीं मथुरा में शिवपाल के आज के शो में आचार्य प्रमोद ष्णम व अन्य धर्मगुरुओं की मौजूदगी ने एक नया सियासी रंग दे दिया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव और उनके भाई शिवपाल सिंह यादव के बीच छिड़े सियासी घमसान से मुसलमान पहले से दुविधा में हैं। रथयात्रा की सियासत ने इसे और बढ़ा दिया है। सूबे के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार की जंग आज चर्चा में है। अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव द्वारा अलग अलग निकाली गयी ने इस चर्चा को नया आयाम दे दिया है। समाजवादियों के लिए भले ही आज उत्साह का दिन हो लेकिन जो लोग मुलायम सिंह (नेता जी) के जमाने के समाजवादी है उनके लिए यह दिन खुशी देने से ज्यादा एक दुःखदायी दिन साबित हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि जब एक ही घर से दो रथ निकले, वो भी अलग–अलग दिशा में, तो जनता के बीच क्या संदेश जाएगा? परिवार की जंग पर राज्य की भाजपा ने भी तंज किया है। योगी सरकार में मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि जब परिवार ही एक नहीं है और उसी के अंदर विभाजन है तो समाजवादी पार्टी के लोग विभाजन की राजनीति ही करेंगे। उनका चाल चरित्र चेहरा तो परिवार से ही दिखता है। बेटे जान ने चाचा जान और अब्बा जान का क्या हर्ष किया है वो आपके सामने है। सपा के परम्परागत कहे जाने वाले इस वोट बैंक में फैली सियासी अनिश्चितता ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सहित अन्य दलों की बांछें खिला दी हैं। ये राजनीतिक दल सपा के पारम्परिक वोट बैंक में सेंधमारी की जुगत में लग गए हैं। सपा कुनबे में मचे घमासान के चलते मुस्लिम समाज में फैली अनिश्चितता का लाभ उठाने के लिए बसपा नेताओं ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट देने की तैयारी की है। ओवैसी भी सपा से खफा मुस्लिम नेताओं को अपने साथ जोड़ने की जुगत में लग गए हैं। समाजवादी पार्टी की राजनीति पर नजर रखने वाले राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच घमासान का नुकसान फिर अखिलेश को उठाना पड़ सकता है। इसलिए अखिलेश यादव को अपने चाचा से संघर्ष करने के बजाय उनके साथ चुनावी गठबंधन करना चाहिए। अखिलेश जब ओम प्रकाश राजभर से चुनावी गठबंधन के लिए वार्ता कर रहे हैं तो फिर उन्हें शिवपाल से परहेज क्यों हैं? ये सवाल करने वाले राजनीतिक समीक्षक कहते हैं कि यादव और मुस्लिम समाज चाहता है कि अखिलेश यादव अपने चाचा के साथ अपने रिश्ते ठीक करें वरना मुस्लिम समाज सपा से दूरी बना लेगा। उत्तर प्रदेश की ४०३ विधान सभा सीटों में से १४७ ऐसी हैं जहां मुसलमान मतदाता हार जीत का फैसला करने की सियासी ताकत रखता है। इस वोटबैंक के भरोसे ही सपा राज्य बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है। सूबे के जातीय आंकड़ों के अनुसार, रामपुर में सबसे अधिक मस्लिम मतदाता हैं। रामपुर में जहां मुसलमान मतदाताओं का प्रतिशत ४२ है। मुरादाबाद में ४०, बिजनौर में ३८, अमरोहा में ३७, सहारनपुर में ३८, मेरठ में ३०, कैराना में २६, बलरामपुर और बरेली में २८, संभल, पडरौना और मुजफ्फरनगर में २७, डुमरियागंज में २६ और लखनऊ, बहराइच व कैराना में मुसलमान मतदाता २३ प्रतिशत हैं। इनके अलावा शाहजहांपुर, खुर्जा, बुलन्दशहर, खालीलाबाद, सीतापुर, अलीगढ़, आंवला, आगरा, गोंडा, अकबरपुर, बागपत और लखीमपुर में मुस्लिम मतदाता कम से कम १७ प्रतिशत है। उक्त जिलों में निर्णायक भूमिका में होने के बाद भी बीते विधानसभा चुनाव में शिवपाल सिंह यादव से हुए संघर्ष के चलते सपा ४७ सीटों पर ही सिमट गई थी। इसके बाद भी सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कोई सबक नहीं सीखा और शिवपाल सिंह यादव के साथ गठबंधन नहीं किया। जबकि शिवपाल सिंह ने हर मंच से यह कहा कि वह सपा से गठबंधन चाहते हैं लेकिन अखिलेश यादव ने उनकी तरफ दोस्ती का हाथ नहीं बढ़ाया। यह जानते हुए कि इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, बदायूं, कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात, आजमगढ़, गाजीपुर जौनपुर, बलिया आदि जिलों में शिवपाल सिंह यादव का प्रभाव है, उक्त जिलों के यादव और मुस्लिम समाज के लोग शिवपाल सिंह यादव को मानते हैं फिर भी अखिलेश यादव ने शिवपाल से दूरी बनाए रखी तो अब शिवपाल सिंह यादव ने भी अपनी ताकत का अहसास कराने के लिए रथयात्रा शुरू कर दी। अब मुलायम सिंह यादव कुनबे के अखिलेश यादव और शिवपाल यादव के अलग –अलग रथयात्रा निकालने से मुस्लिम समाज असमंजस में हैं। अब वह यह तय नहीं कर पा रहा है कि ऐन चुनाव के समय वह अपना नया सियासी मसीहा कहां से खोज के लायें ? मुसलमानों के बीच पनपी इस असुरक्षा को भांप कर मायावती ने आगामी चुनावों में बड़ी संख्या में मस्लिम समाज उम्मीदवार खड़ा करने का संकेत दिया है। समाजवादी पार्टी में मचे आपसी घमासान का उसके पारम्परिक मुसलमान मतदाता पर दरअसल असर क्या हो रहा है? इस बारे में वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र नाथ भट का कहना है कि सपा से जुड़े मुस्लिम मतदाता अब अखिलेश और शिवपाल के बीच बंट रहे हैं। जिस मुस्लिम मतदाताओं ने बीते विधानसभा चुनावों में अखिलेश का साथ दिया था वह भी अब उनसे नाता तोड़ रहे हैं। इसकी वजह अखिलेश यादव के कार्य करने का तरीका है। अखिलेश अब किसी की सुनते नहीं हैं, वह किसी से अब आसानी से मिलते भी नहीं हैं। अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव से भी वह दूरी बनाए हुए हैं। इसके चलते पुराने लोग पार्टी से दूर होते जा रहे हैं। पार्टी के प्रति लोगों से बदल रहे माहौल को अखिलेश यादव ने नहीं भापा तो यह तय है कि सूबे का मुस्लिम समाज अखिलेश यादव के साथ देने को लेकर सोचेगा। क्योंकि अब मुस्लिम समाज किसी के साथ आँख बंद करके समर्थन देने के मूड में नहीं है, वह उसी के साथ खड़ा होगा जो उसके पक्ष में बोलेगा, उसका साथ देगा ।

# अखिलेश ने लिया फूलन देवी की मां से आशीर्वाद

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को दस्यु से राजनेता बनी दिवंगत पूर्व सांसद फूलन देवी की मां से मुलाकात करके उनका आशीर्वाद लिया। मीडिया को साझा किए गए वीडियो में दिख रहा है कि अखिलेश का रथ जब जालौन पहुंचा तो उनकी नजर फूलन देवी की मां मूला देवी पर पड़ी तो उन्होंने अपने वाहन से उतर कर उनके पैर छुए। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि फूलन की मां ने अखिलेश के कान में कुछ कहा, जिसके बाद सपा अध्यक्ष ने उनसे आगामी विधानसभा चुनाव में कामयाबी के लिए आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि बेहमई कांड से सुर्खियों में आई फूलन देवी पर दर्ज मुकदमों को तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने वापस ले लिया था। उसके बाद मुख्यधारा में लौटने पर फूलन देवी १६६६ में मिर्जापुर सीट से सपा के टिकट पर सांसद बनी थीं। उसके बाद १६६६ में वह दोबारा चुनी गई थीं। वर्ष २००१ में फूलन देवी की दिल्ली स्थित उनके आवास के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फूलन देवी मिर्जापुर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई अन्य हिस्सों में रहने वाले सर्वाधिक पिछड़ी जाति के लोगों में खासी लोकप्रिय थीं। फूलन देवी का जन्म वर्ष १६६३ में जालौन जिले के घूरा का पुरवा गांव में एक निषाद परिवार में हुआ था। सपा के पिछड़ा वर्ग इकाई ने हाल ही में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित करने की कोशिश की थी लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। पार्टी के इस कदम को वर्ष २०१६ के लोकसभा चुनाव से ऐन पहले निषाद पार्टी द्वारा खुद को सपा के साथ गठबंधन से अलग कर लेने के बाद निषाद समुदाय को जोड़ने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।



## 1090 चौराहे पर एक युवती के साथ बैठे नशेबाजी कर रहे युवकों और युवती को पुलिस ने गई थाने

लखनऊ। पांच युवक रविवार देर रात १०६० चौराहे पर एक युवती के साथ बैठे नशेबाजी कर रहे थे। इस बीच गश्त करते गौतमपल्ली इंस्पेक्टर पहुंचे उन्होंने टोका तो युवक भिड़ गए। पुलिस कर्मियों से अभद्रता की। विरोध पर हंगामा किया। पुलिस पांचों युवकों और युवती को थाने लेकर गई। पुलिस ने मौके से बीयर, शराब की बोतल और नमकीन के पैकेट बरामद किए हैं। १०६० चौराहे पर रविवार देर रात पांच युवक एक युवती के साथ बैठे थे। वह बीयर और शराब पी रहे थे। इस दौरान इंस्पेक्टर गौतमपल्ली सुनील दुबे, चौकी प्रभारी दिनकर पुलिस बल के साथ गश्त करते पहुंचे। पुलिस को देखकर युवकों ने बीयर और शराब की बोतले पार्क में फेंक दी। पुलिस ने युवकों और युवती से देर रात वहां पर बैठे होने का कारण पूछा तो वह जोर–जोर से चिल्लाने लगे। विरोध पर पुलिस कर्मियों से धक्का–मुक्की की और हंगामा करने लगे। पुलिस ने डपटा तो देख लेने धमकी देने लगे। इसके बाद पुलिस पांचों युवक और युवती को लेकर थाने पहुंची। मेडिकल परीक्षण के लिए उन्हें सिविल अस्पताल भेजा तो युवकों में एल्कोहल की पुष्टि हुई। इसके बाद पांचों का दफा ३४ में चालान



कर मुचलके पर छोड़ा गया। युवकों की पुलिस से अभद्रता का यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर सोमवार को वायरल हो गया। जिसके बाद लोगों ने तरह तरह के कमेंट करना शुरू कर दिए। इंस्पेक्टर सुनील दुबे ने बताया कि युवकों से जब वहां बैठने का कारण पूछा गया तो वह भागने की कोशिश करने लगे थे। पुलिस ने पकड़ा तो अभद्रता की। उनसे पूछताछ की गई तो अपना नाम भी नहीं बता रहे थें। पांचों एक निजी कंपनी में काम करते हैं।

# कई इलाकों में डकैती कर चुके तीन बांग्लादेशी बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी में रेलवे ट्रैक किनारे बसी पाश कालोनियों में डकैती और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले बांग्लादेशी तीन बदमाशों को रविवार देर रात चिनहट पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश शेख रुबेला उर्फ रबीउल, आलम और रबीउल को दबोचा गया है। वहीं, गोली लगने से सिपाही रिंकु कुमार और दो बदमाश रुबेला और आलम घायल हुए। तीनों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां से इलाज के बाद बदमाश रुबेला और आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।एडीसीपी सैय्यद मो. कासिब आब्दी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश बांग्लादेश के रहने वाले है। बीते शुक्रवार को गोमतीनगर फ्लाईओवर के पास स्थित एक मकान में घुसे थे। मकान के मुख्य गेट का दरवाजा भी तोड़ दिया था। गृहस्वामी और उनके परिवारीजन खटपट सुनकर जग गए। सूचना पर जबतक पुलिस पहुंची तो बदमाश भाग निकले। घर में लगे सीसी कैमरे में बदमाश



कैद हो गए थे। पुलिस टीम घटना के बाद से इनकी तलाश में थी। सर्विलांस सेल समेत कई टीमें लगाई गई थीं।रविवार रात चिनहट पुलिस मल्हौर के पास गश्त कर रही थी। इस बीच संदिग्ध रेलवे पटरी से जाते दिखे। सूचना पर डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन की सर्विलांस टीम, क्राइम टीम पहुंची। टीम ने बदमाशों को टोका और रोकने का प्रयास किया तो फायरिंग शुरू कर दी। घेराबंदी कर जवाबी फायरिंग पुलिस ने भी की। जिसमें दो बदमाश और एक सिपाही घायल हुआ। पूछताछ में पता चला कि इन्हीं बदमाशों ने बीते साल गन्ना विभाग के इंजीनियर के घर भी डकैती की वारदात की थी।इसके अलावा गिरोह के लोगों ने विभूतिखंड, माल, वाराणसी के रोहनिया थानाक्षेत्र, मध्यप्रदेश के कटनी में डकैती की वारदातों को अंजाम दिया है। बदमाशों के पास से एक पिस्टल, तमंचा, बांका, लोहे का राड, दो पायल, ३०६०० रुपये, पांच हजार बांग्लादेशी रुपया, आधार कार्ड और पासबुक आदि बरामद हुई है। बदमाशों के खिलाफ दुष्कर्म, डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट और जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में टहलते समय अधेड़ घर की छत से गिरकर मौत

लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र में अपने भाई के घर इलाज कराने अधेड़ घर की छत पर टहलते समय संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया वही परिजन घायल को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय कघ्ष्णा नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक आशियाना के मुताबिक मुलरूप से जनपद देवरिया के रहने वाला ५१वर्षीय व मघ्तक रमाकांत अपना इलाज कराने रूचि खंड निवासी अपने भाई हरिवंश कुमार के घर बीस दिन पूर्व आये थे जो मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे वहीं टहलते समय संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं परिजन लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मघ्त घोषित कर दिया। मघ्तक का परिवार मुम्बई में रहता है। मृतक के परिवार में दो पुत्र और दो पुत्री हैं ।

## रेलवे कर्मी के घर पर दिनदहाडे बेखौफ चोरो ने हजारों रुपये नकदी समेत कीमती जेवर पर किया हाथ साफ

लखनऊ। मानक नगर कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने सोमवार सुबह एक रेलवेकर्मी के घर पर धावा बोल हजारों रुपये नकदी समेत कीमती जेवर चोरी कर फरार हो गए ।आफिस से वापस घर लौटे पीड़ित ने घर का ताला टूटा व सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय थाने पर शिकायत की है पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मानक नगर कोतवाली प्रभारी सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मकान संख्या ५५६/ख/१८५२ श्रीनगर कालोनी में रेलवे में कार्यरत राधेलाल पुत्र स्व छोटे लाल अकेले ही रहते हैं जबकि उनका परिवार सरोजनीनगर में रहता है। पीड़ित के मुताबिक वह सोमवार सुबह अपने आफिस चले गए थे और दोपहर लगभग एक बजे वापस अपने घर लौटे तो देखा कि घर



का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है और आलमारी का लाकर टूटा हुआ था चोरों ने लाकर में रखा पचास हजार रुपये नकद समेत जेवरात व मोबाईल फोन चोरी कर ले गए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अनियंत्रित डंपर ने ली नव युवक की जान

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के सिसेंडी कस्बे में बनी पुलिस चौकी के नजदीक खनन में लगे डंपर व बाइक की टक्कर हो गई हादसा इतना भीषण था कि युवक का शरीर दो भागों में बट गया बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई लोगो ने मृतक युवक का नाम बिंदा प्रसाद १६ वर्ष बताया जोकि मीनापुर गांव निवासी है वही डंपर चालक मौके से भाग निकला पुलिस ने मिट्टी से लदे डंपर को कब्जे में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मीनापुर निवासी बिंदा प्रसाद किसी काम से कस्बे आए थे वापस घर जाते समय सिसेंडी चौकी के सामने मिट्टी से लदे डंपर जिसका नम्बर यूपी ३२ एमएन ०४८०के चालक ने लापरवाही पूर्वक बाइक सवार मीनापुर निवासी युवक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां परमिशन आड़ में दिन रात मिट्टी खनन की जाती है डंपर चालक इतनी लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हैं कि हर समय एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है लेकिन पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती है। जानकारी के अनुसार मृतक मीनापुर निवासी रामप्रकाश का अकेला लड़का था मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राष्ट्रपति कोविंद से मिला कांग्रेस डेलिगेशन, राहुल गांधी बोले- गृह राज्य मंत्री को हटाना जरूरी

नई दिल्ली। कांग्रेस का डेलीगेशन राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचा। राष्ट्रपति भवन में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, मल्लिकार्जुन खड़गे, एके एंटनी, गुलाम नबी



आजाद सहित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ मुलाकात की। कांग्रेस नेताओं ने लखीमपुर खीरी कांड पर राष्ट्रपति से बात की. कांग्रेस नेताओं ने गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे की भी मांग की है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ने हमको आश्वासन दिया है कि वह आज इस मामले पर सरकार के साथ चर्चा करेंगे। उनकी (केंद्रीय गृह राज्य मंत्री) बर्खास्तगी की मांग कांग्रेस की मांग नहीं है, हमारे साथियों की मांग नहीं है, यह जनता की मांग है और पीड़ित किसान परिवारों की मांग है। की हत्या की उसे सजा मिले और यह भी कहा कि जिस व्यक्ति ने हत्या की उसके पिता देश के गृह राज्य मंत्री हैं। जब तक वह अपने पद पर हैं तब तक न्याय नहीं मिलेगा। ये बात हमने राष्ट्रपति को बताई है।

## देश में बिजली आपूर्ति की नहीं होगी समस्या, हो रही पर्याप्त कोयले की सप्लाई : प्रह्लाद जोशी

नई दिल्ली। देश में कोयले की कमी की आशंका की वजह से बिजली संकट को लेकर कई राज्य चिंतित नजर आ रहे हैं। कई राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कोयले की संकट से अवगत कराया है। इसके साथ ही पर्याप्त बिजली सप्लाई को लेकर अपनी बात कही है। इन सबके बीच केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बड़ा बयान दिया है। प्रह्लाद जोशी ने साफ तौर पर कहा कि मांग के अनुरूप कोयले की सप्लाई की जा रही है। देश में बिजली की आपूर्ति की कोई समस्या नहीं होगी। अपने बयान में प्रहलाद जोशी ने कहा कि हमें बिजली मंत्रालय की तरफ से १.६ मिलियन टन कोयले की मांग की गई और बाद में २ मिलियन टन की मांग की गई थी। आज २ मिलियन टन कोयले की सप्लाई की स्वींति दे दी गई है। प्रह्लाद जोशी ने आगे कहा कि देश में बिजली की आपूर्ति करने के लिए कोई समस्या नहीं होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को कोयला आपूर्ति और बिजली उत्पादन की स्थिति का जायजा लिया। विभिन्न राज्यों में कोयले



की कमी के कारण ऊर्जा संकट को दूर करने के उपायों पर गौर करने तहत यह कदम उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, बिजली सचिव आलोक कुमार और कोयला सचिव ए के जैन ने कोयला तथा बिजली की उपलब्धता के बारे में पूरी जानकारी दी। बैठक में कोयले का परिवहन बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, कोयला मंत्रालय से ईंधन आपूर्ति बढ़ाने को कहा गया है जबकि रेलवे से बिजलीघरों तक कोयले की ढुलाई को लेकर रैक उपलब्ध कराने को कहा गया है। देश में कोयले की कमी से विभिन्न राज्यों में बिजली की कटौती हुई है। देश में कुल ऊर्जा उत्पादन में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों की हिस्सेदारी करीब ७० प्रतिशत है। करीब दो–तिहाई कोयला आधारित बिजलीघरों में एक सप्ताह या उससे कम का ईंधन भंडार बचा है। हालांकि, कोयला मंत्रालय ने कहा कि बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा की बात गलत है। राज्य मांग को पूरा करने के लिये बिजली एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने संकट को दूर करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। इसमें जहां राज्यों से एक्सचेंज को बिजली ऊंचे दाम पर बेचने से मना किया गया है वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बिजली उत्पादकों से पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## महात्मा गांधी ने वीर सावरकर से अंग्रेजों के सामने दया याचिका दायर करने को कहा : राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को कहा, हिंदुत्व के प्रतीक वीर सावरकर ने महात्मा गांधी के सुझाव पर अंडमान जेल में कैद के दौरान अंग्रेजों के साथ दया याचिका दायर की, लेकिन स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कुछ विचारधारा का पालन करने वालों ने बदनाम किया और इसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंह ने यह बात अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में सावरकर पर एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कही, जहां आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी सभा को संबोधित किया। भागवत ने कहा कि सावरकर को गलत समझा गया क्योंकि उन्होंने सख्ती से बात की लेकिन तर्क दिया कि अगर पूरे भारत ने उनकी तरह बात की होती, तो देश को विभाजन का सामना नहीं करना पड़ता। वह इस विचार से भी सहमत थे कि सड़कों का नाम मुगल बादशाह औरंगजेब जैसी शख्सियतों के नाम पर नहीं रखा जाना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आगे कहा कि सावरकर के खिलाफ बहुत झूठ फैलाया गया। यह बार–बार कहा गया कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार के समक्ष कई दया याचिकाएं दायर कीं। सच तो यह है कि उन्होंने अपनी रिहाई के लिए ये याचिकाएं दायर नहीं कीं। आम तौर पर एक कैदी को दया याचिका दायर करने का अधिकार होता है। महात्मा गांधी ने कहा था कि आप दया याचिका दायर करें। गांधी के सुझाव पर ही उन्होंने दया याचिका दायर की थी। और महात्मा गांधी ने सावरकर जी को रिहा करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि जिस तरह हम शांति से आजादी के लिए आंदोलन चला रहे हैं, वैसा ही सावरकर करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्र नायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में वाद प्रतिवाद हो सकते हैं लेकिन विचारधारा के चश्मे से देखकर वीर सावरकर के योगदान की उपेक्षा करना और उन्हें अपमानित करना क्षमा योग्य और न्यायसंगत नहीं है। राजनाथ सिंह ने उदय माहूरकर और चिरायु पंडित की पुस्तक ''वीर सावरकर हु कुड हैव प्रीवेंटेड पार्टिशन'' के विमोचन



कार्यक्रम में यह बात कही। इसमें सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी हिस्सा लिया। सिंह ने कहा, '' एक खास विचारधारा से प्रभावित तबका वीर सावरकर के जीवन एवं विचारधारा से अपरिचित है और उन्हें इसकी सही समझ नहीं है, वे सवाल उठाते रहे हैं। '' उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र नायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में वाद प्रतिवाद हो सकते हैं लेकिन उन्हें हेय दृष्टि से देखना किसी भी तरह से उचित और न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि वीर सावरकर महान स्वतंत्रता सेनानी थे, ऐसे में विचारधारा के चश्मे से देखकर उनके योगदान की अनदेखी करना और उनका अपमान करना क्षमा योग्य नहीं है। उन्होंने कहा, '' वीर सावरकर महानायक थे, हैं और भविष्य में भी रहेंगे। देश को आजाद कराने की उनकी इच्छा शक्ति कितनी मजबूत थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अंग्रेजों ने उन्हें दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई, कुछ विशेष विचारधारा से प्रभावित लोग ऐसे राष्ट्रवादी पर सवालिया निशान लगाने का प्रयास करते हैं। '' उन्होंने कहा कि कुछ लोग उन पर (सावरकर) नाजीवादी, फासीवादी होने का आरोप लगाते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसा आरोप लगाने वाले लोग लेनिनवादी, मार्क्सवादी विचारधारा से प्रभावित थे और अभी भी हैं। सिंह ने कहा कि सीधे शब्दों में कहें तो सावरकर 'यथार्थवादी' और 'राष्ट्रवादी' थे जो बोल्शेविक क्रांति के साथ स्वस्थ लोकतंत्र की बात करते थे। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व को लेकर सावरकर की एक सोच थी जो भारत की भौगोलिक स्थिति और संस्ंति से जुड़ी थी। उनके लिये हिन्दू शब्द किसी धर्म, पंथ या मजहब से जुड़ा नहीं था बल्कि भारत की भौगोलिक एवं सांस्ंतिक पहचान से जुड़ा था। उन्होंने कहा, '' इस सोच पर किसी को आपत्ति हो सकती है लेकिन इस विचार के आधार पर नफरत करना उचित नहीं है। '' उन्होंने अंग्रेजों के समक्ष दया याचिका के बारे में एक खास वर्ग के लोगों के बयानों को गलत ठहराते हुए यह दावा किया कि महात्मा गांधी के कहने पर सावरकर ने याचिका दी थी।

## हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर ठगी

लखनऊ। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने बस्ती के व्यवसायी से १० लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि बस्ती जिले के चाऊकी निवासी धीरज कश्यप व्यवसायी हैं। उनकी एएलडी कंस्ट्रक्शन कंपनी है। उन्होंने बताया कि वह फर्म पर मुरादाबाद और गजरौला जिले में एचएसआरपी की एजेंसी लेना चाह रहे थे। इसके लिए कागजी कार्रवाई भी कर रहे थे। इस बीच बीते पांच अप्रैल को उनके पास फोन आया।फोन करने वाले ने कहा कि वह झांसी से भरत पटेल उर्फ भरत लाल बोल रहे हैं। उनकी कंपनी उत्तम पावर सोलर पार्क प्राइवेट लिमिटेड को एचएसआरपी का काम मिला है। उक्त लोगों से मीटिंग की तिथि तय हुई। उसके बाद रजिस्ट्रेशन और टोकन मनी के रूप में १० लाख रुपये की मांग की। पांच लाख पहले और पांच लाख वर्कआर्डर मिलने के बाद। बात तय हो गई पांच लाख रुपये का भुगतान भरत लाल और उनके दो अन्य साथियों को किया गया। इसके बाद कागजी दस्तावेज के नाम पर पांच लाख रुपये और ले लिए। एक हफ्ते के अंदर वर्कआर्डर देने की बात कही। दो हफ्ते का समय बीत जाने के बाद भी वर्क आर्डर नहीं मिला।मुलाकात करने का प्रयास किया तो टाल मटोल करने लगे। उनके आफिस पहुंचा तो वहां कई पीड़ित और मिले और उन्होंने भरत लाल और उनके साथियों पर रुपये हड़पने का आरोप लगाया। फोन किया तो भरत लाल और उनके साथियों ने मोबाइल भी स्विच आफ कर दिया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले की जानकारी दी। उसके बाद जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पड़ताल में पता चला कि जालसाजों के खिलाफ कानपुर में भी कई मुकदमें दर्ज हैं। एजेंसी दिलाने के नाम पर बहुत से लोगों से जालसाजी की है।

## आगामी त्यौहार को लेकर एसीपी व प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ किया गस्त

लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस त्योहारों को लेकर काफी सतर्क दिखाई दे रही है एसीपी एवं प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ मोहनलालगंज क्षेत्र में पैदल गश्त कर स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को सुरक्षा को लेकर जागरूक किया दिन मंगलवार को एसीपी दिलीप कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने मय पुलिस बल के साथ मोहनलालगंज क्षेत्र में त्योहारों के मद्देनजर रखते हुए पैदल गस्त करते हुए स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को सुरक्षा को लेकर जागरूक करते हुए कहा आप लोग अपने दुकान एवं अपने प्रतिष्ठान के सामने अनावश्यक भीड़ ना लगवाएं गाड़ियों को एक निश्चित स्थान पर खड़ी करवाएं जिससे यातायात अवरुद्ध ना होने पाए एवं त्यौहार में विशेष सतर्कता की जरूरत का विशेष ध्यान रखें जहां पर पुलिस की जरूरत पड़े तुरंत इसकी सूचना दें पुलिस हर समय क्षेत्रवासियों की सुरक्षा को लेकर मौजूद रहेगी गश्त के दौरान एसीपी दिलीप कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा उपनिरीक्षक राजेंद्र यादव सिपाही मोहम्मद रईस सिपाही शिवप्रताप सहित महिला सिपाही के साथ पूरा पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# अखिलेश का बीजेपी पर तंज, कहा- ये बस बातों से बिजली बनाते हैं

लखनऊ। विजय रथ यात्रा की शुरुआत बीते दिनों कर दी है। आज हमीरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधा और चुटीले अंदाज में तंज भी कसा। सपा सुप्रीमो ने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली के कारखाने लगाए थे। भाजपा से पूछो कि उन्होंने इधर क्या लगाया है? इन्होंने न कोयले से बिजली बनाई, न पानी से बिजली बनाई और न सूरज से बिजली बनाई, भाजपा के लोगों से सावधान रहना, ये बातों से बिजली बनाते हैं। इससे पहले भी अखिलेश यादव बिजली के मुद्दे पर योगी सरकार को घेर चुके हैं। अखिलेश यादव ने राज्य में बिजली बिल में इजाफे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर चुटकी ली थी। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री बिजली के प्लांट का नाम तक नहीं ले पाते हैं तो बनाएंगे कैसे। 'जब मुख्यमंत्री जी आएं तो उनसे कहना



कि प्लांट का नाम बता दो ३६० सुपर क्रिटिकल थर्मल प्लांट। वो पता नहीं क्यों नहीं कहते। हमें नहीं पता कि क्यों नहीं कहते हैं। जब कह नहीं पाते तो बिजली कैसे बनाएंगे? जो कहेंगे वही तो करेंगे। अखिलेश ने मंहगाई को लेकर भी बीजेपी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग कहते थे कि हम महंगाई को कम कर देंगे, लेकिन आज देश में पेट्रोल-डीजल १०० के पार जा चुका है। उज्जवला योजना के नाम पर गरीबों को फ्री सिलेंडर बांटने वाली बीजेपी से कोई पूछो कि उनको इतनी मंहगी गैस नसीब हो रही है या नहीं। सरसो का तेल २०० तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि बीजेपी इतना सब होने के बाद सबसे ज्यादा मुनाफा कमा रही है। हमारी सरकार ने बिजली के कारखाने लगाए थे। भाजपा से पूछो कि उन्होंने इधर क्या लगाया है? इन्होंने न कोयले से बिजली बनाई, न पानी से बिजली बनाई और न सूरज से बिजली बनाई, भाजपा के लोगों से सावधान रहना, ये बातों से बिजली बनाते हैं।

# अवैध कब्जा की गई भूमि को किया कब्जा मुक्त

लखनऊ। लखनऊ तहसील सरोजनीनगर की दो ग्राम पंचायतों में अनौरा व नटकुर में



भूमाफियाओं व ग्रामीणों द्वारा भूमि। पर अवैध कब्जाकर लिया गया था ।जिसकी ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की थी ।शिकायत पर मामले को तहसील प्रशासन ने संज्ञान में लिया ।जिसे मंगलवार को तहसील प्रशासन में राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह ,लेखपाल आलोक वर्मा ,विजय सिंह , संतोष व धर्मेन्द्र द्वारा ग्राम पंचायत नट कुर की भूमि गाटा संख्या २०३० व २०७६ रास्ते व नाला की भूमि पर कब्जा कर लिया गया था ।जिसे मंगलवार को किए गए अवैध कब्जे को मौके पर पहुंच कर व जांच पड़ताल के साथ नाप जोख कर कब्जा मुक्त करा दिया गया। जिसकी कीमत सर्किल रेट के अनुसार करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है । वहीं दूसरी ग्राम पंचायत अनौरा में भी इन्हीं लोगो द्वारा भी अवैध कब्जा किया गया था ।भूमि गाटा संख्या ३६६ ०,७६० हेक्टेयर भूमि पर किए गए कब्जे को भी मौके पर पहुंच कर पुलिस बल की मौजूदगी में हटवा कर कब्जा मुक्त करा दिया गया ।यहां की भूमि की कीमत सर्किल रेट के अनुसार करीब ढाई करोड़ रुपए बताई जा रही है ।

# अपना व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बने महिलाएं : मंत्री स्वाति सिंह

लखनऊ। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा दर्जनों निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। इसलिए बेरोजगार युवक-युवतियां को व्यवसायिक प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा सीएसआर योजना के तहत आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सिलाई एवं कम्प्यूटर तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद उन्हें सम्बोधित कर रही थी।ब्लाक प्रमुख सरोजनीनगर सुनील कुमार रावत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रीन गैस लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मनोज कुमार ने कहा कि युवा वर्ग को चाहिए कि वह तकनीकी प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करे और नौकरी मांगने के बजाए अन्य बेरोजगार युवक-युवतियों को अपने साथ जोडे। इससे जहां बेरोजगारी की



समस्या कम होगी वहीं अन्य बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर कम्पनी के सहायक महा प्रबंधक (विपणन) प्रवीन सिंह एवं उप महाप्रबंधक (परियोजना) समित पाण्डेय ने कहा कि कम्पयटर एवं सिलाई का प्रशिक्षण लेने वाले युवक-युवतियां बहुत कम लागत से अपने घर पर ही व्यापार शुरू कर सकती है। प्रशिक्षण समन्वयक राज किशोर पासी ने युवा वर्ग को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आर्तमनिर्भर बनाने के लिए ग्रीन गैस लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त किया।कम्प्यूटर एवं सिलाई मशीन पाकर खिले चेहरेग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा सीएसआर योजना के तहत कम्प्यूटर एकाउटिंग टैली, सेल्फ एम्पलाएड टेलर (सिलाई) एवं हैण्ड इम्ब्राइडरी के तहत २५-२५ प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रिक्षण दिया गया। इस योजना के तहत प्रतिभागियों को सभी प्रतिभागियों को टूलकिट के साथ पांच प्रतिभागियां को कम्प्यूटर सिस्टम एवं दस प्रतिभागियों को निःषुल्क मशीने दी गई। कम्प्यूटर एवं सिलाई मिलते ही प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे।

# दिल्ली में आतंकी पकड़े जाने पर उत्तर प्रदेश में अलर्ट

लखनऊ। । त्योहारों के मौसम में नई दिल्ली में मंगलवार को पाकिस्तानी आतंकी मोहम्मद अशरफ के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल ने दुर्गा पूजा व दशहरा के त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मंगलवार को पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है। सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ, गौतम बुद्ध नगर, कानपुर व वाराणसी के पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षकध पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकध्पुलिस अधीक्षक से उन्होंने कहा है कि संवेदनशील स्थानों व चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रभावी गश्त की जाए और सीसीटीवी कैमरों के जरिये असामाजिक व आपराधिक तत्वों पर नजर रखी जाए।सादे कपड़ों में पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाए। बीट अधिकारी अपने-अपने बीट का भ्रमण कर विवाद आदि की जांच कर लें। त्योहार रजिस्टर में दर्ज पुराने विवादों और संभावित प्रकरणों का संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तेजी से उनका समाधान कराया जाए। उन्होंने छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए सहयोगी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण कर विवाद को हल करने के प्रभावी उपाय करने पर जोर दिया है।शांति समितियों की बैठक कर उसमें




सम्भ्रांत नागरिकों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग लेने के लिए कहा है। डीजीपी ने नदियों के घाटोंध्सरोवरों आदि में जल पुलिसध्बाढ़ राहत पुलिस की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इंटरनेट मीडिया के सभी प्लेटफार्म की निगरानी करने की हिदायत दी है। भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुए कानूनी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि अभी कुछ समय पहले यूपी की राजधानी लखनऊ में आतंकी पकड़े गए थे। हालांकि, त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर भाई ने अपने सगे भाई को मारा-पीटा

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर सगे भाई व उसकी पत्नी ने भाई को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया पीड़ित की लिखित तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है मऊ निवासी शंकर ने मोहनलालगंज कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि मेरा भाई गणेश बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर चल रहे मुकदमे को वापस लेने के लिए कहा मेरे मना करने पर भाई गणेश व उनकी पत्नी ने मिलकर लाठी-डंडों से मुझे मारा पीटा जिससे मुझे गंभीर चोटें आई हैं मारपीट होने पर पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए लोगों को आता हुआ देखकर मारपीट कर रह मेरा भाई जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में अज्ञात वाहन से युवक की मौत मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया केवली थाना नगराम निवासिनी शर्मावती ने मोहनलालगंज कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए बताया है कि हमारे पति राम शंकर जो २८ अगस्त को अपनी बहन के घर फत्ते खेड़ा गए थे रात को फत्ते खेड़ा से घर वापस आ रहे थे कि तभी रेलवे क्रसिंग मोड़ पर लखनऊ रायबरेली राजमार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर



मार दी टक्कर लगने से हमारे पति राम शंकर ३८ वर्ष की मौत हो थी जिसका पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया था लेकिन वाहन का कुछ पता न चल सका मृतक के दो लड़के वह एक लड़की है मृतक कृषि का कार्य करता था पत्नी शर्मावती की लिखित तहरीर पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

# वाराणसी में प्रियंका ने दिखाई ताकत

वाराणसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में एक बड़ी सभा करके कांग्रेस के चुनाव अभियान का आगाज किया। उन्होंने वाराणसी के जगतपुर में किसान न्याय रैली की और प्रधानमंत्री मोदी के साथ साथ राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी जम कर निशाना बनाया। उन्होंने लखीमपुर खीरी में किसानों को गाड़ी से कुचले जाने का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सब आरोपियों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा– इस देश के गृह राज्य मंत्री के बेटे ने लखीमपुर में अपनी गाड़ी के नीचे छह किसानों को कुचल दिया। यहां के मुख्यमंत्री उस मंत्री का बचाव कर रहे हैं, जिसके बेटे ने ऐसा काम किया है। प्रियंका ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा– जो प्रधानमंत्री लखनऊ आ सकते थे वो दो घंटे की दूरी पर लखीमपुर नहीं जा सकते उन किसानों के आंसू पोंछने के लिए? उन्होंने जोर देकर कहा– जब तक गृह राज्य मंत्री का इस्तीफा नहीं हो जाता, हम लड़ते रहेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र के बेटे पर किसानों को अपनी गाड़ी से कुचल कर मार डालने का आरोप है। बहरहाल, प्रियंका ने लखीमपुर की घटना का जिक्र करते हुए कहा– मैंने वहां जाने की कोशिश की तो रास्ते में हर तरफ पुलिस की घेराबंदी थी। लेकिन अपराधी को पकड़ने के लिए कोई नहीं निकला। अपराधी को निमंत्रण भेजा कि आकर हमसे बात करिए। क्या किसी देश में ऐसा देखा है कि किसी अपराधी को पुलिस निमंत्रण दे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब वे रमन कश्यप पत्रकार के घर गईं तो बताया गया कि उन्हें जीप के नीचे कुचला गया। क्योंकि वे सच का वीडियो बना रहे थे। प्रियंका ने केंद्र और राज्य सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा– सभी परिवारों ने कहा कि उन्हें सरकार से न्याय की उम्मीद नहीं है। क्योंकि हमें न्याय दिलाने वाला इस सरकार में नहीं दिख रहा है। जब तक वह गृह राज्य मंत्री इस्तीफा नहीं दे देता है हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा– हम कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, हमने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी है, हम किसी से नहीं डरेंगे। एयर इंडिया बेचने के लिए केंद्र की आलोचना करते हुए प्रियंका ने कहा– प्रधानमंत्री ने पिछले साल अपने लिए दो हवाई जहाज खरीदे। दोनों हवाई जहाज १६ हजार करोड़ रुपए के थे और इस देश की एयर इंडिया को १८ हजार करोड़ रुपए में अपने दोस्तों को बेच दिए। आप लोग समझ सकते हैं कि इस देश में हो क्या रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने वाराणसी में किसानों के मुद्दे पर न्याय रैली तो की ही साथ ही कांग्रेस का हिंदुत्ववादी चेहरा भी दिखाया। उन्होंने अपने भाषण में न्याय रैली को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। माथे पर टीका लगाए प्रियंका ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना के दौरान पढ़े जाने वाले संसेति के दो श्लोक पढ़े और जय माता दी के नारे भी लगवाए। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से तीन बार जय माता दी के नारे लगवाए। इससे पहले प्रियंका गांधी वाराणसी पहुंचने पर बाबा विश्वनाथ मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने षोडशोपचार पूजन किया। प्रियंका ने भगवान शिव को मयूरी इत्र का लेपन किया। इसके बाद मंदिर के सेवायत ने उन्हें त्रिपुंड लगाया। इसके बाद वे अन्नूपर्णा मंदिर और दुर्गाकुंड स्थित मां कूष्मांडा मंदिर में पहुंची और दर्शन पूजन किया।



# योगी के 'रामराज' में राम की ही दुर्दशा, हाथों में मोमबत्ती लेकर प्रदर्शन के लिए मजबूर

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. राम मंदिर जैसे मुद्दों को अपना घर उत्तर प्रदेश और देश में शासन करने वाली भाजपा अपने राज्य में भगवान राम को बिजली से वंचित कर दिया गया. दरअसल पूरा मामला नागफनी थाना इलाके का है. भगवान राम लक्ष्मण और सीता बने ये रामलीला के कलाकार हैं. बताया जा रहा है कि इस बार रामलीला का मंचन नहीं हो पाया. इसके पीछे का कारण यह था कि नगर निगम द्वारा बिजली नहीं दी गई. इस इलाके में पिछले ५० सालों से रामलीला का मंचन लगातार किया जा रहा है. लेकिन पिछले कुछ सालों से रामलीला के लिए बिजली देने पर नगर निगम और बिजली विभाग नाक मुंह सिकोड़ रहा है. बिजली के अभाव में मंच पर रामलीला के कलाकार धरने पर बैठ गए. रामलीला के कलाकार हाथों में मोमबत्ती लेकर धरने पर बैठे थे. रंगीला के सभी मुख्य पात्र राम ,लक्ष्मण, सीता हाथों में मोमबत्ती लेकर इस तरह बैठे थे. किसी ने इनकी तस्वीर लेकर सोशल मीडिया में डाल दी जो तेजी से वायरल हो रही है. मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच गई और बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया. पुलिस के फोन का जवाब भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने देना मुनासिब नहीं समझा. जिसके बाद निराश होकर पुलिस वापस लौट गई. कलाकारों का कहना है कि हमने काफी पहले से आवेदन दिए थे इसके बाद भी न तो बिजली विभाग और ना ही नगर निगम के कान में जूं रेंगी. उन्होंने बताया कि हमने पहले ही इस संबंध में एडीएम सिटी को पत्र लिखा था लेकिन उसके बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई. कमेटी के अध्यक्ष यथार्थ किशोर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि कम से कम भगवान राम की लीला को तो सरकार बाधित करने का काम ना करे।



# अपहरण हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

लखनऊ। आलमबाग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से अपहरण हुई किशोरी को बरामद किया है। वहीं पुलिस ने थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई में जुटी हुई है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले नाबालिग किशोरी के पिता ने बीते एक सितम्बर को उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए आर्य व उसकी दोस्त कल्पना निवासी प्रभात पुरम कालोनी लखनऊ द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना पर न अपहरणहता किशोरी को बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे चारबाग रेलवे स्टेशन से साकुशल बरामद किया गया है। जबकि उनलोग कहीं जाने की फिराक में थे। वहीं थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई की गई है।

# पेट डॉग पालते हैं आप भी, तो सरकार को देने होंगे १२०० और गायों के लिए भी

कानपुर। अक्सर लोग घर में पेट डॉग रखना काफी पसंद करते हैं. ज्यादातर लोगों को यह शौक सुरक्षा की दृष्टि से होता है या फिर यूं ही. लेकिन अब उत्तर प्रदेश के कानपुर में कुत्ता पालने के लिए आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी. कानपुर नगर निगम में संबंध में आदेश जारी कर दिया है. इस आदेश में बताया गया है कि कुत्ता पालने वालों को इसकी सूचना नगर निगम में देनी होगी. ऐसा नहीं करने पर उनसे जुर्माना वसूल किया जाएगा. इतना ही नहीं नगर निगम ने पेट क्लीनिक को भी लाइसेंस के दायरे में ले लिया है. हालांकि कानपुर में लोग नगर निगम के इस फैसले का विरोध भी कर रहे हैं लेकिन निगम ने साफ कर दिया है कि वे नियमों में बदलाव करने वाले नहीं हैं. कानपुर में धीरे–धीरे बहुत कुछ बदल रहा है सिटी के हाईटेक होने पर नियमों में भी बदलाव हो रहे हैं. कानपुर की महापौर प्रमिला पांडे ने स्पष्ट तौर पर कहा कि निगम की कार्यकारिणी में जो फैसला लिया गया है उसका पालन करना ही होगा. के नए नियम के साथ अब किसी भी नस्ल का कुत्ता पालने वाले शख्स को १२०० हर साल लाइसेंस शुल्क के रूप में देना होगा. यह बता दें कि पहले यह शुल्क देसी नस्ल का कुत्ता होने पर २५० और विदेशी नस्ल के कुत्ते ने पर ५०० थी. कानपुर नगर निगम में कुत्तों के साथ ही गायों के लिए भी नियम बनाएं हैं. जानकारी के अनुसार कार्यकारिणी की बैठक में इस बात पर फैसला लिया गया है कि गाय पालने वालों को भी अब लाइसेंस लेना होगा. हालांकि इस संबंध में अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि गायों को पालने के लिए मिलने वाले लाइसेंस के लिए कितने पैसे खर्चने होंगे।

# प्रियंका भी पहुंचीं अंतिम अरदास में

लखीमपुर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पिछले एक हफ्ते से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर कांड को लेकर आंदोलन पर डटी हुई हैं। वे मंगलवार को तिकुनिया



में हुए किसानों के अंतिम अरदास में भी शामिल हुईं। हालांकि किसानों ने पहले ही ऐलान कर दिया था कि किसी राजनेता को मंच पर जगह नहीं मिलेगी। सो, प्रियंका अरदास करने के बाद आम लोगों के बीच बैठीं। हरियाणा के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ थे। राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी ने भी किसानों को श्रद्धांजलि दी और वे भी आम लोगों के बीच ही बैठे। गौरतलब है कि प्रियंका गांधी वाड्रा तीन अक्टूबर को हुई घटना के तुरंत बाद लखीमपुर खीरी पहुंची थीं, जहां पुलिस ने उनको रोक कर सीतापुर गेस्ट हाउस में रखा था। हालांकि बाद में वे लखीमपुर में मारे गए किसानों के परिजनों से मिलीं। उसके बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र के इस्तीफे की मांग को लेकर लखनऊ में एक मौन धरना भी दिया।

# नहर में उतराया मिला दो दिन पुराना युवक का शव

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र से निकली नहर में बुधवार सुबह एक युवक का शव उतराया देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया ।वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का शिनाख्त हो जाने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी आलोक राय ने जानकारी देते हुए बताया कि भोला खेड़ा निकट निकली छोटी नहर में एक युवक का शव उतराया हुआ मिला है ।शव लगभग दो दिन पुराना है। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान उदय राज तिवारी (२४)पुत्र स्व राजाराम तिवारी निवासी रूस्तम विहार थाना सरोजनीनगर लखनऊ के रूप में हुआ है। मृतक पेशे से पेंटिंग का काम करता था और नशे का आदी था जिस कारण अपने घर नहीं जाता था।

# दुख भरे दिन बीते रे भैयासुस्वागतम, वायरल हुआ वरुण गांधी के कांग्रेस में शामिल होने का पोस्टर

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी विवाद के बाद से लगातार चर्चा में रहे वरुण गांधी को लेकर अब भी संशय बरकरार है. अब तक आधिकारिक तौर पर वरुण गांधी




या फिर बीजेपी की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है. लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि वरुण गांधी भारतीय जनता पार्टी छोड़ सकते हैं. इन अटकलों को उस समय और हवा मिल गई जब एक कांग्रेसी नेता ने वरुण गांधी के कांग्रेस में शामिल होने की पोस्टर सोशल मीडिया में पोस्ट कर दी. इस पोस्टर में कहा गया कि गया कि दुख भरे दिन बीते रे भैया अब सुख आयो रे सुस्वागतम. पोस्टर सोशल मीडिया में डाले जाने के तुरंत बाद तेजी से वायरल होने वाला. पोस्टर में वरुण गांधी के साथ ही सोनिया गांधी की तस्वीर भी दिखाई दे रही थी.पोस्टर के बारे में पूछने पर वरुण गांधी ने इसे अफवाह करार दे दिया. वरुण गांधी ने कहा कि यह सब अफवाह है इसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है. हालांकि गांधी परिवार की एकजुट होने के सवाल पर वरुण गांधी चुप्पी साध लेते हैं. वरुण गांधी का कहना है कि समय आने पर आपको सब कुछ पता चल जाएगा मैं अभी से कुछ भी नहीं कह सकता. पिछले कुछ महीनों से वरुण गांधी भाजपा के खिलाफ लगातार बगावती बयान दे रहे हैं. लखीमपुर खीरी मामले में भी वरुण गांधी ने योगी सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इसके पहले भी किसानों को मिलने वाले गन्नों की कीमत पर वरुण गांधी ने सवाल उठाए थे. वरुण गांधी के बगावती बयानों का ही असर था कि भाजपा ने अपने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची से वरुण गांधी और उनकी मां मेनका गांधी दोनों को बाहर कर दिया था।

# ICC T20 विश्व कपः एमएस धोनी मेंटर के रूप में सेवा करने के लिए कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे : बीसीसीआई सचिव जय शाह

दुबई। भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी एक मेंटर के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम की सेवा के लिए एक पैसा भी नहीं लेंगे बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की है। धोनी को आगामी टी२० विश्व कप के लिए मेंटर के रूप में चुना गया विजेता कप्तान को टी २० विश्व कप के लिए टीम इंडिया के लिए मेंटर के रूप में नामित किया गया था। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने मंगलवार को धोनी के शामिल होने पर बात करते हुए कहा कि शिविर में दिग्गज की




है जो १६ अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए जय शाह ने कहा कि धोनी अपनी नई भूमिका के लिए कुछ भी चार्ज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि एमएस धोनी टी२० विश्व कप के लिए भारतीय टीम के मेंटर के रूप में अपनी सेवाओं के लिए कोई मानदेय नहीं ले रहे हैं। खेल के सभी प्रारूपों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के करीब एक साल बाद एमएस धोनी अगले महीने एक बार फिर भारतीय नीली जर्सी पहने नजर आएंगे। हालांकि एक अलग भूमिका के साथ एक खिलाड़ी के रूप में नहीं बल्कि टीम के मेंटर के रूप में। बीसीसीआई द्वारा टीम की घोषणा के बाद दो बार के विश्व कप

मौजूदगी से भारत को निश्चित रूप से फायदा होगा। कहा जा रहा है कि धोनी के होने से एक बार फिर टीम इंडिया विश्वकप जीत सकती है। फैंस द्वारा यही कहा जा रहा है कि धोनी है तो मुमकिन है। धूमल ने इंडिया अहेड को बताया कि धोनी एक महान खिलाड़ी और कप्तान रहे हैं। उनकी कप्तानी में भारत नेविश्व ट्वेंटी २०, २०१० और २०१६ एशिया कप, २०११ विश्व कप और २०१३ चौंपियंस ट्रफी जीती। धोनी का यह रिकर्ड अद्भुत हैं। (आईसीसी विश्व कप के लिए) टीम के मेंटर के रूप में उनका होना वास्तव में बहुत अच्छा है। टीम में उनकी अच्छी प्रतिष्ठा और सम्मान है, और उन्हें लाने का मतलब किसी को कमतर करना नहीं है। उन्होंने एक अभूतपूर्व काम भी किया है।

# टी20 वर्ल्ड कपः नेट्स में टीम इंडिया की मदद के लिए दुबई में रुकेंगे आईपीएल सितारे

दुबई। टी२० विश्व कप आईपीएल २०२१ के फाइनल के कुछ ही दिनों बाद शुरू होने वाला है और यह आखिरी बार होगा जब विराट कोहली भारतीय टी२० टीम का नेतृत्व करेंगे। कोहली की कप्तानी में भारत अब तक कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है। लेकिन सभी को उम्मीद है कि वह टीम के कप्तान के रूप में अपने अंतिम दौर में इस टूर्नामेंट को जीता कर अपने नाम एक और मुकाम हासिल कर लेंगे। अब ऐसी खबरें हैं कि BCCI ने IPL के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को भारतीय टीम के साथ रहने और नेट्स में उनकी सहायता करने के लिए कहा है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ताओं ने टी२० विश्व कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए आरसीबी के गेंदबाज हर्षल पटेल, केकेआर के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर और एक अन्य केकेआर गेंदबाज की पहचान की




है। इनमें से दो खिलाड़ियों को दुबई में पीछे रहने के लिए कहा जाएगा। जहां भारतीय खिलाड़ी फिलहाल क्वारंटाइन हैं। आईपीएल २०२१ का प्लेऑफ खत्म होने के बाद BCCI खिलाड़ियों को टीम से जुड़ने के लिए कह सकता है और खिलाड़ियों के लिए एक बायोबबल से दूसरे बायोबबल में जाना आसान हो जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि BCCI के पास टी२० विश्व कप टीम में कोई भी बदलाव करने के लिए १५ अक्टूबर तक का समय है। ICC ने सुपर–१२ में भाग लेने वाली टीमों के लिए टीम की अंतिम समय सीमा १५ अक्टूबर तक बढ़ा दी है। जो टीमें सुपर–१२ चरण में हैं वे अपने मैच से ७ दिन पहले तक टीम में बदलाव कर सकती हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो हार्दिक पांड्या की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। अगर ऑलराउंडर गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं है तो उनकी जगह शार्दुल ठाकुर या दीपक चाहर को टीम में शामिल किया जा सकता है।

# मदरसे के शिक्षक पर लगा दुष्कर्म का आरोप

बरेली। उत्तर प्रदेश के एक मदरसे के शिक्षक पर महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है. इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता ने मदरसा टीचर पर शादी का झांसा देकर २ साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. पीड़िता का कहना है कि ४ साल पहले जब उसने मदरसे में पढ़ाई शुरू की थी तब आरोपी उसके साथ ही पड़ता था लेकिन बाद में अपनी शिक्षा खत्म करने के बाद वह वहां पढ़ाने लगा. पीड़िता का कहना है कि दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई और उसके बाद बहला–फुसलाकर उसने शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए.यह पूरा मामला बरेली जिले के शीशगढ़ इलाके का बताया जा रहा है. पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार पीड़िता ने ४ साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. पीड़िता का कहना है कि आरोपी लगातार निकाह का वादा करता और उसके बाद शारीरिक संबंध बनाता था. पीड़िता ने बताया कि आरोपी की अब शादी हो रही थी जिसकी खबर भी उसे नहीं लगने दी. पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक अपनी ही किसी छात्रा से निकाह कर रहा है. छात्रा को भी आरोपी शिक्षक ने उसी तरह फंसाया है जैसे उसे फंसाया गया था. इस मामले में जानकारी देते हुए एसएसपी रोहित



सिंह सजवान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच की जा रही है. उन्होंने बताया कि पीड़िता ने एबर्शन संबंधित आरोपी लगाए हैं जिसकी जांच की जा रही है. उन्होंने कहा की आरोपी की शादी की बात सच है लेकिन अन्य आरोपों की जांच अभी बाकी है. आरोपी मदरसा टीचर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उससे सख्त पूछताछ की जा रही है।

# आक्सीजन प्लांट लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी

लखनऊ। जालसाजों ने आक्सीजन प्लांट लगवाने के नाम पर रकाबगंज में रहने वाली व्यवसायी संगीता जायसवाल से २७ लाख रुपये ठग लिए। संगीता ने गुजरात की क्रायो सेल्स कंपनी के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, खुद को बाराबंकी में तैनात एक अफसर का रिश्तेदार बताने वाले जालसाज ने रियल इस्टेट व्यापारी से डेढ़ लाख रुपये ठगे।इंस्पेक्टर वजीरगंज धनंजय पांडेय के मुताबिक संगीता पत्नी राजेश जायसवाल का राजाजीपुरम में आक्सीजन प्लांट है। उन्होंने बताया कि उनके परिचित रामजी यादव घर आते जाते हैं। उन्होंने गुजरात की क्रायो सर्विस कंपनी के साथ मिलकर काम करने को कहा। उनके माध्यम से कंपनी के अधिकारियों से बात हुई। कंपनी ने प्लांट लगवाने के लिए रुपयों की मांग की और २५ फीसद मुनाफा देने को कहा। इस पर कंपनी के खाते में २७ लाख रुपये दिए। रुपये लेने के बाद भी कंपनी ने प्लांट नहीं लगवाया। विरोध पर कंपनी के लोगों ने कहा कि आपको आपका शेयर मिल जाएगा। इसके बाद २५ फीसद शेयर भी नहीं दिया। रुपयों की मांग की तो धमकाने लगे। इसके बाद राजजी यादव और क्रायो कंपनी के खिलाफ शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया।सरोजनीनगर इंस्पेक्टर के मुताबिक विपुलखंड निवासी आशीष पटेल रियल इस्टेट कंपनी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि एक एनजीओ के माध्यम से आशीष सिंह से उनकी मुलाकात हुई। आशीष सिंह जियामऊ में रहते हैं। आशीष पटेल के मुताबिक उन्हें बाराबंकी आवास विकास परिषद से दिव्यांगों के लिए ट्राइसाइकिल सप्लाई का ठेका मिला था। आशीष सिंह ने खुद को बाराबंकी में तैनात एक अफसर का रिश्तेदार बताकर कहा कि वह ट्राइसाइकिल की सप्लाई का दिलवा देंगे। इस पर उन्होंने डेढ़ लाख रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद आशीष सिंह ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। आशीष सिंह के साथ जालसाजी में भगौती प्रसाद, सुनील वर्मा और आकाश सिंह समेत चार अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# युवा सम्बल योजना में खुली स्वरोजगार की राह, लघु व सूक्ष्म उद्यम पर एक लाख तक का लोन


लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए बड़े प्रयास कर रही है। खाद्य प्रसंस्करण की योजनाएं गांव–गांव में बदलाव ला रही हैं। युवा खुद का स्वरोजगार तो स्थापित कर ही रहे हैं साथ में दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना इसकी बड़ी मिसाल बनी है। इस योजना का लाभ लेकर गांव के किसान और युवा, उद्यमी बनने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता गांवों में स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनको आत्मनिर्भर बनाने की है। जिससे युवाओं को आर्थिक लाभ होने के साथ गांव का विकास भी संभव हो सके। महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना इसमें बड़ी सहायक बनी



है। पंचायत स्तर पर युवाओं को ०३ दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण जागरूकता शिविर से जोड़ा जा रहा है। योजना से जुड़े युवाओं को ०१ महीने का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसान और युवा फल–सब्जी, मसाला, दुग्ध, अनाज प्रसंस्करण की इकाईयां स्थापित कर रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करने वाले युवा गांव के बेरोजगार युवकों को भी अपने यहां रोजगार दे रहे हैं। योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करने वाले युवाओं को मशीन या उपकरण की लागत का अधिकतम ५० प्रतिशत और ०१ लाख रुपये का अनुदान भी दिया जा रहा है। जिससे गांव के किसान और युवाओं को संबल मिला है और वे स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सफल हो रहे हैं।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता हुई टॉपलेस, इंटरनेट पर फैल गई सनसनी

मुंबई। बॉलीवुड की बोल्ड और खूबसूरत एक्ट्रेसेज में से एक ईशा गुप्ता भले ही फिल्मों में कुछ ज्यादा कमाल नहीं कर पाई हो, लेकिन अपनी हॉटनेस को लेकर वे हमेशा से चर्चा में रही हैं। ईशा सोशल मीडिया पर भी काफी पापुलर एक्ट्रेस हैं। ईशा अक्सर अपनी



बिकिनी फोटोज अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया शेयर करना नहीं भूलती हैं। लेकिन इस बार ईशा गुप्ता ने टॉपलेस होकर इंटरनेट पर आग लगा दी है। ईशा गुप्ता ने हाल ही में कुछ तस्वीरों को फैंस के साथ शेयर किया है। जिनमें ईशा टॉपलेस दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों से ईशा ने अपने फैंस का तापमान भी हाई कर दिया है। ईशा की ये टॉपलेस तस्वीरें लगातार वायरल होती जा रही हैं। इन तस्वीरों में ईशा गुप्ता टॉपलेस होकर बालकनी में खड़ी हैं। यहीं नहीं ईशा गुप्ता ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन भी बड़ा जोरदार लिखा है। उन्होंने लिखा है कि, आज को प्यार करो और कल को प्यार करो। आपको यह भी बताते चले की यह कोई पहली बार नहीं है जब ईशा ने इतनी बोल्ड तस्वीरें शेयर की हो। इससे पहले भी ईशा गुप्ता कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगा चुकी हैं। फिल्म डायरेक्टर महेश भट्ट ने तो ईशा गुप्ता को हिन्दुस्तान की 'एंजेलीना जोली' की उपाधि भी दे डाली थी। आपको बता दें कि, बॉलीवुड की ये हसीन एक्ट्रेस ईशा गुप्ता जल्द ही टीवी सीरीज 'नकाब' में नजर आने वाली हैं। ईशा गुप्ता ने फिल्म 'जन्नत २' से बॉलीवुड में एंट्री मारी थी। इसके बाद फिल्म 'राज ३' में नजर आई थीं।

# लखीमपुर खीरी मामले में आशीष मिश्रा को जमानत देने से कोर्ट का इनकार, याचिका खारिज

लखनऊ। लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के मामले में हत्या के मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को आज कोर्ट ने बड़ा झटका देते हुए उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। स्थानीय कोर्ट में लगाई गई जमानत याचिका को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चिंताराम की अदालत ने नामंजूर कर दिया। वहीं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले अंकित दास को गिरफ्तार किया है। अंकित दास आज क्राइम ब्रांच के सामने पेश हुआ। अंकित दास को २२ अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। लखीमपुर हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा को ६ अक्टूबर को करीब १२ घंटे तक चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था और वह अब १२ अक्टूबर से तीन दिन की पुलिस रिमांड पर हैं। बता दें कि, यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में किसानों के प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा व अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। लखीमपुर की ये हिंसा राजनीतिक मोड ले चुकी है। जिसके चलते विपक्षी दल लगातार भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार करने में लगे हैं। लखीमपुर हिंसा मामले में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के इस्तीफे की मांग की है और कहा है कि अगर ऐसा नहीं होता है तो किसान २६ अक्टूबर को लखनऊ में महापंचायत होगी।

# आर्यन खान को आज भी नहीं मिली जेल से आजादी, फिर सलाखों के पीछे गुजारनी होगी रात

मुंबई। ड्रग्स केस मामले में बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत पर आज हुई सुनवाई पर भी आर्यन की याचिका मंजूर नहीं हो पाई है। ऐसे में अब आर्यन खान को आज की रात भी






जेल की सलाखों के पीछे ही गुजारनी होगी। अब कल गुरुवार को फैसला होने की उम्मीद जताई जा रही है। कोर्ट ने गुरूवार को १२ बजे से सुनवाई करने का समय दिया है। आज आर्यन खान की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान आर्यन खान के वकील अमित देसाई और एनसीबी के वकील के बीच जमकर बहस हुई। शाहरुख खान ने अब आर्यन के लिए सलमान खान को हिट एंड रन केस में बरी करवाने वाले मशहूर वकील अमित देसाई का सहारा लिया है। अमित देसाई ने कोर्ट में कहा कि आर्यन ने कोई गुनाह नहीं किया है। क्रूज से जब्त ड्रग्स का आर्यन से कोई लेना देना नहीं है। एनसीबी बेगुनाहों को न फंसाए। बता दें कि, आर्यन खान समेत कई लोगों को २ अक्टूबर को एनसीबी ने मुंबई तट पर एक क्रूज से प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त कर हिरासत में लिया था। जिसके बाद पूछताछ करके उन्हें तीन अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। तभी से आर्यन खान के लिए जमानत की याचिका लगाई जा रही है, लेकिन अभी तक उन्हें जमानत नहीं मिल पाई है।

# शाहरुख खान ने बेटे को बचाने के लिए सलमान के वकील को किया हायर, पहले सलमान खान को कराया बरी, अब बारी आर्यन खान की

मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह यानि शाहरुख खान के बेट आर्यन खान ड्रग्स केस में ऐसे फंस चुके हैं कि उनके वकील भी उन्हें जमानत नहीं दिला पा रहे हैं। उनके वकील लगातार जमानत याचिका कोर्ट में दाखिल कर रहे हैं लेकिन उन्हें जेल से बाहर नहीं ला पा रहे हैं। आर्यन अभी मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। ऐसे में अब अभिनेता शाहरुख खान ने अपने बेटे



आर्यन को जेल से बाहर निकालने के लिए हिट एंड रन केस में सलमान खान को बरी कराने वाले वकील को हायर किया है। बता दें कि, ड्रग्स केस में फंसे आर्यन खान का केस मुंबई के जाने–माने वकील सतीश मानशिंदे लड़ रहे थे। लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद भी आर्यन को कोर्ट से जमानत नहीं मिली तो अब शाहरुख खान ने आर्यन के केस के लिए सलमान के वकील अमित देसाई को हायर किया है। नामी वकीन अमित देसाई वही हैं जिन्होंने २००२ हिट एंड रन केस में बॉलीवुड के दबंग खान यानि सलमान खान को बरी कराया था। ऐसे में अब अमित देसाई के कंधो पर शाहरुख खान ने अपने बेटे आर्यन खान को जेल की सलाखों से बाहर निकालने की जिम्मेदारी सौंपी हैं।


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक